**कार्यक्रम** नौ राज्य और दो केंद्र शासित प्रदेश से लगभग दो सौ स्वयंसेवक आयोजन में सम्मिलित हुए

# राष्ट्रीय एकता शिविर से सात दिनों बाद लौटे 10 स्वयंसेवक

**महासमुंद (वि)।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार, राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय अमहावाबाद, गुजरात द्वारा राष्ट्रीय एकता शिविर 27 जून से तीन जुलाई तक लालभाई दलपत भाई कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग अहमदाबाद में आयोजित हुआ । इस शिविर में नौ राज्य एवं दो केंद्र शासित प्रदेश से लगभग दो सौ स्वयंसेवको ने शिविर में सम्मिलित हुए।




शिविर मे मंचस्थ अतिथि व पीछे स्वयसेवक । ● **प्रकाश मनी साहू**

इस शिविर में छत्तीसगढ़ राज्य से 10 स्वयंसेवकों को सहभागिता रही। जिसमे से महासमुंद जिला से जिला संगठक रासेयो डा मालती तिवारी के निर्देशन एवं कार्यक्रम अधिकारी अजय कुमार राजा, राजेश्वरी सोनी, कमला दीवान के मार्गदर्शन में शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद से स्वयंसेवक ऋषभ राजपूत, पूर्णिमा साहू, भूपेश साहू , भोजराज सोनी एवं गीतांजलि वाघ शा. भीमराव अंबेडकर महाविद्यालय बलौदा सात दिवसीय राष्ट्रीय एकता शिविर में सम्मिलित हुए। इस राष्ट्रीय एकता शिविर का उद्देश्य राज्यों की जो कला , संस्कृति ,वेशभूषा, लोक नृत्य, रहन सहन एवं भाषाओं का आदान प्रदान करते हुए अनेकता में एकता का परिचय देना था । इस शिविर में रासेयो दिनचर्या के अनुसार प्रतिदिन योग सत्र में योग विशेषज्ञ द्वारा योग कराकर उनसे होने वाले लाभ, योग की महत्ता को समझाते हुए हमारे दैनिक दिनचर्या में उसके उपयोग को बताया गया। प्रतिदिन बौद्धिक सत्र में विषय विशेषज्ञों द्वारा शिवरार्थियों को अपने विषय से संबंधित शिक्षा प्रदान किया गया। रासेयो देशी खेल, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुति प्रतिदिन किया गया। इस शिविर में विभिन्न प्रतियोगितों का भी आयोजन किया गया। जिसमे छत्तीसगढ़ ने अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए ।लोक नृत्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया। लोक नृत्य में स्वयंसेवकों द्वारा बारहमासी, पंथी नृत्य, राउत नाचा, सुवा नृत्य, गौरा गौरी, होली, सोहर गीत, कर्मा, ददरीया नृत्य का प्रदर्शन किया । वाल पेंटिंग में भी छग ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस शिविर में तृतीय दिवस, सोशल मीडिया और डिजिटल इंडिया से संबंधित जानकारी प्रदान किया गया एवं रैफलिंग भी कराया गया, पांचवे दिवस मिट्टी संरक्षण जानकारी प्रदान किया गया। अंतिम दिवस सभी स्वयंसेवकों को पर्यटक भ्रमण कराया गया जिसमे साबरमती आश्रम , साबरमती नदी, दांडी यात्रा स्थल, गांधी कुटीर म्यूजियम, हनुमान मंदिर, डायनासोर पार्क बडोदरा का भ्रमण किया। सभी स्वयंसेवकों को अंतिम दिवस प्रमाण पत्र वितरण किया गया । इस सात दिवसीय राष्ट्रीय एकता शिविर में सम्मिलित स्वयंसेवकों को राज्य एनएसएस अधिकारी पदेन उपसचिव छग शासन डा समरेंद्र सिंह, कार्यक्रम समन्वयक रासेयो रविवि रायपुर, डॉ नीता बाजपेयी, जिला संगठक रासेयो जिला महासमुंद डा मालती तिवारी, डॉ एलएस गजपाल ,डॉ अनुसुइया अग्रवाल प्राचार्य शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद, डॉ अमृत लाल पटेल, प्राचार्य शासकीय भीमराव अंबेडकर महाविद्यालय बलौदा, कार्यक्रम अधिकारी अजय कुमार राजा राजेश्वरी सोनी और कमला दीवान, कल्पना भगत, समीक्षा चंद्राकर एवं दोनों महाविद्यालय के समस्त अधिकारियों ,कर्मचारियों एवं रासेयो स्वयंसेवकों ने हर्ष जताया है।

---

# राष्ट्रीय एकता शिविर में जिले के स्वयं सेवकों ने लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय अमहादाबाद गुजरात द्वारा राष्ट्रीय एकता शिविर 27 जून से 3 जुलाई 2022 तक लालभाई दलपत भाई कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग अहमदाबाद गुजरात की संगठन व्यवस्था में आयोजित हुआ। इस शिविर में 9 राज्य एवं 2 केंद्र शासित प्रदेश से लगभग 200 स्वयंसेवकों ने शिविर में सम्मिलित हुए।

इस शिविर में छत्तीसगढ़ राज्य से 10 स्वयंसेवकों को सहभागिता रही। जिसमें से महासमुंद जिला से जिला संगठक रासेयो डॉ. मालती तिवारी के निर्देशन एवं कार्यक्रम अधिकारी अजय कुमार राजा, राजेश्वरी सोनी, कमला दीवान के मार्गदर्शन में शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद से स्वयंसेवक ऋषभ राजपूत, पूर्णिमा साहू, भूपेश साहू, भोजराज सोनी एवं गीतांजलि बाघ शासकीय भीमराव



अंबेडकर महाविद्यालय बलौदा सात दिवसीय राष्ट्रीय एकता शिविर में सम्मिलित हुए। इस राष्ट्रीय एकता शिविर का उद्देश्य राज्यों की कला, संस्कृति, वेशभूषा, लोक नृत्य, रहन सहन एवं भाषाओं का आदान प्रदान करते हुए अनेकता में एकता का परिचय देना था। इस शिविर में रासेयो दिनचर्या के अनुसार प्रतिदिन योग सत्र में योग विशेषज्ञ द्वारा योग कराकर उनसे होने वाले लाभ, योग की महत्ता को समझाते हुए हमारे दैनिक दिनचर्या में उसके उपयोग को बताया गया। प्रतिदिन बौद्धिक सत्र में विषय विशेषज्ञों द्वारा शिवरार्थियों को अपने विषय से संबंधित शिक्षा प्रदान किया गया।

■ रायपुर, रविवार 26 जून 2022
■ कुल पृष्ठ - 08 ■ मूल्य 1 रु.
■ वर्ष - 01
■ अंक - 159
■ Epaper : www.loksadan.com
■ Email : loksadan@gmail.com

# लोकसदन

रायपुर एवं कोरबा से एक साथ प्रकाशित

आर.एन.आई.रजि. क्र.
( CHHHIN/2010/33639 ) Korba

संपादकीय
7747920885
8770646952

# राष्ट्रीय एकता शिविर कल से गुजरात में 3 जुलाई तक आयोजित

**बिलासपुर, 25 जून 2022**
*@ loksadan.com*




युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय अहमदाबाद, गुजरात द्वारा राष्ट्रीय एकता शिविर का आयोजन 27 जून से 03 जुलाई तक होने जा रहा हैं। इस शिविर में भारत के विभिन्न राज्यों के स्वयंसेवक बड़ी संख्या में सम्मिलित होंगे। जहां पर सभी स्वयंसेवक अपनी कला एवं संस्कृति विचारों का आदान प्रदान करेंगे व अनेकता में एकता का परिचय देंगे। इस वर्ष शिविर की मेजबानी लालभाई दलपतभाई कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग अहमदाबाद को मिला है। राष्ट्रीय एकता शिविर 27 जून से 03 जुलाई को लालभाई दलपतभाई कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग अहमदाबाद (गुजरात) में आयोजित होने जा रहा है। इस शिविर के लिए छत्तीसगढ़ राज्य से 05 छात्र एवं 05 छात्रा रा.से.यो. स्वयंसेवकों तथा 01 रा.से.यो. कार्यक्रम अधिकारी की सहभागिता आबंटित किया गया है। इस शिविर में 9 राज्य एवं 2 केंद्र शासित प्रदेश से लगभग 200 स्वयंसेवकों की सहभागिता होगी, अटल बिहारी वाजपेयी विश्व विद्यालय की संगठन व्यवस्था में शिविर दल प्रभारी (छ. ग.) सुश्री संस्कृति शास्त्री रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डीएलएस महाविद्यालय बिलासपुर के नेतृत्व में स्वयंसेवकों में जयंत कुमार साहू डी.एल.एस. महाविद्यालय बिलासपुर से, प्रियंका साहू डी.एल.एस. महाविद्यालय बिलासपुर से, कैलाश निषाद शासकीय पतालेश्वर महाविद्यालय मस्तूरी से, प्रीति सोनवानी पी.एन.एस. महाविद्यालय बिलासपुर से, दुर्गा निषाद शासकीय एस.एन.जी. महाविद्यालय मुंगेली से, भोजराज सोनी डॉ भीमराव अम्बेडकर महाविद्यालय बलौदा से, भूपेश साहू शासकीय एम.वी. पीजी कॉलेज महासमुंद से, ऋषभ सिंह राजपूत शासकीय एम.वी. पीजी कॉलेज महासमुंद से, पूर्णिमा साहू शासकीय एम.वी. पीजी कॉलेज महासमुंद से, गीतांजलि बाघ डॉ भीमराव अम्बेडकर महाविद्यालय बलौदा से ये सभी स्वयंसेवक छत्तीसगढ़ दल का प्रतिनिधित्व करेंगे। ये सभी स्वयंसेवक वर्ष भर कार्यक्रम अधिकारियों के मार्गदर्शन से नियमित गतिविधियों से समाज सेवा एवं राष्ट्र सेवा में अग्रणी भूमिका निभाते हुए महाविद्यालयों का नाम रोशन कर रहे हैं।



स्वयंसेवकों के इन्हीं उपलब्धियों की वजह से राष्ट्रीय एकता शिविर में स्वयंसेवकों की भागीदारी के लिए चयन हुआ है। ये सभी स्वयंसेवक छत्तीसगढ़ की कला व संस्कृति का प्रदर्शन करेंगे एवं विविधता में एकता ही हमारी पहचान है, इस कथन को चरितार्थ करते हुए अपनी लोक कला एवं लोक नृत्य का प्रदर्शन करेंगे, जहां विभिन्न प्रदेशों के स्वयंसेवक इसमे भाग लेंगे और अपने - अपने राज्यों की कला - संस्कृति, वेश - भूषा, रहन - सहन और भाषाओं का आदान - प्रदान करेंगे। कार्यक्रम अधिकारी एवं स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय स्तर के इस शिविर में चयनित होने पर राज्य संपर्क अधिकारी डॉ समरेंद्र सिंह, अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय बिलासपुर के रा.से.यो. कार्यक्रम समन्वयक डॉ मनोज सिन्हा, जिला संगठक डॉ संजय तिवारी व डीएलएस महाविद्यालय की, प्राचार्य डॉ रंजना चतुर्वेदी,चेयरमैन श्रीमती निशा बसंत शर्मा, संजय शर्मा सतीश शर्मा, पार्थ शर्मा कार्यक्रम अधिकारी डॉ प्रताप पाण्डेय एवं नगर के रा.से.यो. कार्यक्रम अधिकारियों, वरिष्ठ स्वयंसेवक मनोज निषाद, ज्योति दुबे साथ ही नगर के अन्य स्वयंसेवकों ने भी शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

नवभारत
छतीसगढ़ • ओडिशा
नवभारत

## फास्ट फारवर्ड

# राष्ट्रीय एकता शिविर के लिए दो स्वयंसेवकों का चयन

**सरायपाली.** भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा आगामी 27 जून से 3 जुलाई तक एल. डी. कॉलेज आफ इंजीनियरिंग अहमदाबाद, गुजरात में आयोजित राष्ट्रीय एकता शिविर के लिए पं. रविशंकर शुक्ल वि. वि. रायपुर की ओर से 5 स्वयंसेवकों का चयन हुआ है, जिसमें से डॉ. भीमराव अंबेडकर शासकीय महाविद्यालय बलौदा के 2 स्वयंसेवक गीतांजली बाघ व भोजराज सोनी भी शामिल हैं. दोनों के चयन होने पर रासेयो महासमुन्द जिला संगठक डॉ. मालती तिवारी, रासेयो कार्यक्रम अधिकारी कमला दीवान, अमृत लाल पटेल, प्राध्यापक अनिता, किरण कुमारी व गजानंद नायक, प्रेरणा प्रधान, विद्याकांत कश्यप, मुकेश नाग, तुलसी प्रसाद, विनोद मिर्धा, दुर्योधन सिदार, सुर्यकांति


नवभारत
छतीसगढ़ • ओडिशा

# राज्य स्तरीय शिविर हेतु 6 स्वयंसेवकों का चयन

**सरायपाली.** आगामी 26 फरवरी से 4 मार्च तक उच्च शिक्षा विभाग एवं पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के सौजन्य से श्री राम चंद्र योग मिशन आश्रम अमलेश्वर रायपुर के परिसर में राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय राज्य स्तरीय विशेष शिविर आयोजित है. उक्त शिविर में महासमुंद जिले से छः स्वयंसेवक सम्मिलित होंगे. इस कार्यक्रम में श्रीमती कमला दीवान रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ भीमराव अंबेडकर शासकीय महाविद्यालय बलौदा, गीतांजली बाघ, मनिका साहू, नीतीश भोई, हिमांशु मांझी सभी शास. महाविद्यालय बलौदा एवं प्रीति पाणिग्राही व मनीष स्व. राजा वीरेंद्र बहादुर शास. महाविद्यालय

### MSUની સોશિયલ વર્ક ફેકલ્ટી ખાતે NSS અંતર્ગત ૭ દિવસની રાષ્ટ્રીય એકતા શિબિર યોજાઈ

# વિવિધ રાજ્યોની સંસ્કૃતિના આદાન-પ્રદાનથી જ શક્ય બનશે સાચા અર્થમાં રાષ્ટ્રીય એકતા !



ગુજરાતના વિદ્યાર્થીઓ દ્વારા કચ્છી ડાન્સની પ્રસ્તુતિ કરાઈ હતી.



છત્તીસગઢના વિદ્યાર્થીઓ દ્વારા MSUના પ્રાધ્યાપકોનું સન્માન કરવામાં આવ્યું હતું

ગુજરાત રાજ્ય સરકાર દ્વારા નેશનલ સ્કીમ સર્વિસ અંતર્ગત MSUની સોશિયલ વર્ક ફેકલ્ટી ખાતે 'એક ભારત, શ્રેષ્ઠ ભારત' થીમ પર ૨૯ જાન્યુઆરી સુધી નેશનલ ઈન્ટીગ્રેશન કેમ્પ યોજાયો છે. જેમાં છત્તીસગઢ, રાજસ્થાન, ગુજરાત, ઓરિસ્સા, ચંડીગઢ, ઉત્તરાખંડ અને ગુજરાતની વિવિધ કોલેજો અને યુનિ.ના ૨૧૦ NSS વોલિન્ટિયર્સ એકબીજાની ભાતિગળ સંસ્કૃતિ, રીતિ-રિવાજ, રહેણી-કરણીનું આદાન-પ્રદાન કરશે.

એમ.એસ.યુનિ.ના એનએસએસના ડાયરેક્ટર અને ફેકલ્ટી ડીન પ્રો.જગદીશ સોલંકીએ જણાવ્યું હતું કે, રાષ્ટ્રીય એકતા ફક્ત વાતો કે પ્રવચનોથી થઈ શકતી નથી. રાષ્ટ્રીય એકતા વિવિધ રાજ્યોની સંસ્કૃતિ અને વ્યવહારના આદાન-પ્રદાનથી જ શક્ય છે. આ જ તક વિદ્યાર્થીઓને નેશનલ ઈન્ટિગ્રેશન કેમ્પ થકી આપવામાં આવી છે. ફેકલ્ટીના ૨૦ વિદ્યાર્થીઓ અને પ્રોફેસર્સની ટીમે કેમ્પના આયોજન માટે મહિનાઓથી તૈયારી શરૂ કરી હતી. જે અંતર્ગત ડિબેટ, પોસ્ટર મેકિંગ, સ્કિટ પર્ફોર્મન્સ, કલ્ચરલ ઈવેન્ટ્સ તેમજ વક્તૃત્વ સ્પર્ધાનું આયોજન કરાયું છે. આજે 'ચેનલાઈઝિંગ યુથ ફોર સર્વિસ ઓફ નેશન' અને 'ચેલેન્જીસ ઈન મેઈન્ટેઈન યુનિટ ડાઈવર્સિટીઝ ઓફ ઈન્ડિયા' વિષય પર વક્તૃત્વ સ્પર્ધાનું આયોજન કરાયું હતું. ઉપરાંત સાંજે કમાટીબાગના એમ્ફી થિયેટર ખાતે વિદ્યાર્થીઓએ છત્તીસગઢનું બારામાસી નૃત્ય, રાજસ્થાનનું ઘૂમર તેમજ કચ્છી નૃત્ય પ્રસ્તુત કર્યું હતું.

## MSUમાં VP માટે ફિમેલ સીટ રિઝર્વ છે તે સારી વાત : ઉત્તરાખંડની વિદ્યાર્થિનીઓ

ઉત્તરાખંડની આશ્ના સાવરકર અને વંશિકા સોનીએ જણાવ્યું હતું કે, અમે ૨૫ જાન્યુઆરીએ ઉત્તરાખંડનો ગઢવાલી અને કુમાવતી ડાન્સ પ્રસ્તુત કરીશું. વડોદરા સ્વચ્છ શહેર છે. એમએસયુનિની સૌથી મોટી વિશેષતા છે કે, અહીં સાચા અર્થમાં સ્ત્રી સશક્તિકરણ માટે કામગીરી થઈ રહી છે. જેનું ઉત્તમ ઉદાહરણ છે કે, અહીં વાઇસ પ્રેસિડેન્ટના હોદ્દા માટે ફિમેલ સીટ રિઝર્વ છે.

## ગુજરાત અને ઓડિસી છપ્પનભોગની વાનગીઓમાં ઘણી જ સામ્યતા : નારાયણ જીના

રાષ્ટ્રીય એકતા શિબિરમાં ઓરિસ્સાથી ૧૦ વોલિન્ટિયર્સ આવ્યા છે. જે પૈકી નારાયણ જીનાએ જણાવ્યું હતું કે, હું ગુજરાત બે-ત્રણવાર આવી ચૂક્યો છું. પરંતુ વડોદરા પ્રથમવાર આવ્યો છું. અહીંની સ્વચ્છતા અને ગુજરાતી લોકોની મહેમાન નવાજી અદ્દભુત છે. અહીંના ફૂડથી માંડીને ગરબા સુધી બધું જ ખૂબ અદ્દભુત છે. ગુજરાતના છપ્પનભોગ અને ઓડિસાના છપ્પનભોગની વાનગીઓ લગભગ સરખી જ હોય છે. અમે કાલે ઓડિસી નૃત્ય પ્રસ્તુત કરીશું

## MSUનો સમાવેશ દેશની ટોપ-૨૦ યુનિ.માં થવો જોઈએ : છત્તીસગઢના વિદ્યાર્થીઓ


છત્તીસગઢથી પાંચ યુનિવર્સિટીઝના ૩૦ વોલિન્ટિયર્સ આ કેમ્પમાં જોડાયા છે. જે પૈકી સુનિતા કુર્રે, યોગેન્દ્ર ચંદ્રાકાર અને શુભાંગી ગુપ્તાએ જણાવ્યું હતું કે,અમે પ્રથમવાર ગુજરાતમાં આવ્યાં છીએ. અહીં એક અલગ જ પ્રકારની હકારાત્મક ઊર્જા જોવા મળે છે. અહીંનું કલ્ચર, ફૂડ, રહેણી-કરણી ખૂબ ... છે. MSUનું ઈન્ફ્રાસ્ટ્રક્ચર અને ગ્રીનરી જોતાં લાગે છે કે, તેનો સમાવેશ દેશની ટોપ-૨૦ યુનિવર્સિટીમાં થવો જોઈએ.

## ચંડીગઢની જેમ વડોદરામાં પણ વસે છે મિનિ ઇન્ડિયા : વિશાલ કુમાર અને અનમોલ સિંઘ

ચંડીગઢથી આવેલા વિશાલ કુમાર બીકોમ ફાઇનલ યર અને બાયોટેકમાં પીએચડી કરી રહેલા અનમોલ સિંઘે જણાવ્યું હતું કે, અમે પ્રથમવાર વડોદરામાં આવ્યા છીએ. ચંડીગઢની જેમ વડોદરામાં પણ એક મિનિ ઇન્ડિયા જોવા મળે છે. કારણ કે, ચંડીગઢનું પોતાનું આગવું કલ્ચર ન હોઈ ત્યાં દરેક રાજ્યના લોકો વસે છે. ઉપરાંત પંજાબી અને ગુજરાતી ફૂડનાં મેથીનાં થેપલાં, પૂડલા તેમજ અન્ય ઘણી વાનગીઓમાં સામ્યતા જોવા મળે છે.

26/11/2021

# वन विभाग ने दी हाथियों से सुरक्षा की जानकारी



नवभारत संवाददाता | सरायपाली.
www.navbharat.news

वन विभाग द्वारा आयोजित गज यात्रा कार्यक्रम के अंतर्गत आज 25 नवंबर को बलौदा सर्किल क्षेत्र में कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जिसमें प्रथम चरण में शास डॉ भीमराव अंबेटकर महाविद्यालय बलौदा में विद्यार्थियों के समक्ष छत्तीसगढ़ी चलचित्र हाथी मोर संगवारी का प्रदर्शन, द्वितीय चरण में ग्राम मानपाली के हाट बाजार में गज यात्रा कार्यक्रम में हाथियों से सुरक्षा के उपायों पर व्यापक प्रचार प्रसार किया गया एवं अंतिम चरण में वन प्रबंधन समिति साहाजपानी में छत्तीसगढ़ी चलचित्र हाथी मोर संगवारी का प्रदर्शन किया गया. इस दौरान हाथी व मानव द्वंद को रोकने हेतु वन कर्मचारियों द्वारा सुरक्षा के उपायों पर व्यापक चर्चा की गई एवं हाथियों से सुरक्षा के उपायों को ग्रामीणों को समझाया गया. आज के कार्यक्रम में अनुविभागीय अधिकारी सरायपाली (रा), उप वन मंडलाधिकारी सरायपाली ए के विंध्यराज, वन परिक्षेत्र अधिकारी सरायपाली रामलाल व्यवहार, परिक्षेत्र सहायक बलौदा सतीश पटेल, महाविद्यालय के प्राचार्य अमृत लाल पटेल, प्रभारी प्राचार्य अनिता पटेल, कमला दीवान, किरण चंद्राकर, रितेश देवता, हितेश भोई, ऋतुराज भोई, बासुदेव राणा, विद्याकांत कश्यप, महाविद्यालयीन स्टाफ, महासमुंद से गजयात्रा प्रभारी दीपक शर्मा, कमल नारायण यदु, विवेकानंद क्षेत्रपाल, वन रक्षक ज्वाला पटेल, सुनील जमीदार, मुकेश निषाद, हेमंत ध्रुव, दिनेश प्रधान, रूपा चतुवेर्दी, मीना पटेल आदि उपस्थित रहे.

18/08/2021

# बलौदा में स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन



● नवभारत संवाददाता ❖ सरायपाली.
www.navbharat.org

भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा आयोजित 1 अगस्त से 15 अगस्त तक स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत 1 अगस्त से डॉ. भीमराव अम्बेडकर शास. महा. बलौदा में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है. राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों द्वारा अपने- अपने गांव के गली मुहल्ले, मंदिर परिसर, गली की नालियाँ, बोरिंग के आस- पास सफाई कार्य किया गया.

बलौदा में स्वच्छता जागरुकता रैली निकालकर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिए और सभी स्वयंसेवकों ने मिल कर स्वच्छता के लिए संकल्प लिया. कार्यक्रम का नेतृत्व रासेयो कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती कमला दीवान के द्वारा किया गया. कार्यक्रम में तुलसी प्रसाद, योगेश, नीतिश, भोजराज, सरोज साहू, सुनीता, मनिका, पूजा, नेहा, नीतु, पुष्पा, ईशांत, शास्वत, केदार आदि स्वयंसेवक सम्मिलित रहे.



# अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में बलौदा कॉलेज में विभिन्न प्रतियोगिताएं

**नवभारत संवददाता | सरायपाली.**
www.navbharat.news

डॉ भीमराव अंबेडकर शासकीय महाविद्यालय बलौदा में जिला प्रशासन, जनपद पंचायत सरायपाली तथा संस्कृति विभाग द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में स्वामी विवेकानंद के जीवन गाथा पर आधारित सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में विविध प्रतियोगिताएँ जैसे निबंध, पोस्टर, रंगोली, भाषण, कविता, स्लोगन लेखन आदि आयोजित किये गए, जिसमें निबंध में निकिता पटेल प्रथम, नेहा पटेल द्वितीय, स्लोगन में गीता नेताम प्रथम, उमा बरिहा द्वितीय, चित्रकला में ईशांत भोई प्रथम, पूजा चौधरी द्वितीय, भाषण मे पंकजनी प्रथम, सीमा नेताम द्वितीय, रंगोली में रश्मि व साथी प्रथम, पुष्पा व साथी द्वितीय, कविता में गीता नेताम प्रथम व दीपिका सिदार ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया. प्रतियोगिताओं के पश्चात सभा का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सरायपाली उमेश साहू, श्री सोनवानी एडिशनल सीईओ, प्रकाश चंद्र मांझी विकासखंड शिक्षा अधिकारी, बीआरसीसी भोजराज पटेल, अनिता पटेल प्राचार्य भीमराव अंबेडकर शासकीय महाविद्यालय बलौदा, सहायक प्राध्यापक किरण कुमारी, महेंद्र बाघ आई क्यू ए सी सदस्य, अभिमन्यु षडंगी प्राचार्य बलौदा स्कूल, व्याख्याता सूर्यकांत बारीक, मनोज साहू, संकुल समन्वयक के के भोई, प्रेरणा प्रधान उपस्थित थे. सभी वक्ताओं ने स्वामी विवेकानंद के जीवन पर प्रकाश डाला तथा जीवन मे उनके आदर्शों को अपनाने हेतु प्रेरित किया. कार्यक्रम में बलौदा कॉलेज और स्कूल के बच्चे सम्मिलित हुए तथा अंत मे रैली निकाली गयी. कार्यक्रम का संचालन प्राध्यापक गजानंद नायक एवं आभार प्रदर्शन महाविद्यालय के एनएसएस प्रभारी प्राध्यापक कमला दीवान द्वारा किया गया.

21/12/2021

# महिला जागृति शिविर में स्वास्थ्य जांच




नवभारत संवाददाता | छायापाली.
www.navbharat.news

डॉ भीमराव अंबेडकर शासकीय महाविद्यालय बलौदा के द्वारा कुसमीसरार में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर में आज सेक्टर स्तरीय महिला जागृतिक का आयोजन किया गया था, जिसमें मुख्यमंत्री बाल संदर्भ योजना के तहत कुपोषित बच्चों का स्वास्थ्य जांच भी किया गया. उक्त कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी जी. आर.नारंग भी पहुंचे हुए थे. उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों के पोषण आहार एवं छात्र छात्राओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहना चाहिए. साथ ही अपने घर या आसपास की महिलाओं को भी अवगत कराने को कहा. वर्तमान में जो छात्राएं हैं वहीं भावी माताएं बनेंगी यदि बच्चे कुपोषित नहीं रहेंगे तो आने वाली संताने भी कुपोषित नहीं होंगे साथ ही महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित विभिन्न योजनाएं जैसे कि प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, नोनी योजना आदि के बारे में विस्तार से बताये. वहीं गर्भवती महिलाओं को शासन से मिलने वाली सहयोग राशि की भी जानकारी दी गई. आज शिविर में स्वास्थ्य विभाग बलौदा के द्वारा स्वास्थ्य शिविर लगाकर बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया. साथ ही कोरोनो के बारे में जानकारी दिए.जिसमें डॉ. डोलामणी भोई, डॉ. कमलेश पटेल , उदे साहू उपस्थित रहे. कार्यक्रम में शास.उच्च.माध्य. विद्यालय के प्राचार्य, समस्त शिक्षक, स्टाफ, नीतु राहुल, तुलसी प्रसाद, योगेश, नीतिश, भोजराज, आदि शामिल रहे .सभी का कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती कमला बाई दीवान ने आभार व्यक्त किया.

01/12/21




# मतदाता जागरूकता रैली निकाली

नवभारत संवाददाता | सरायपाली.
www.navbharat.news

डॉ. भीमराव अंबेडकर शास. महा.बलौदा में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया. रासेयो के स्वयंसेवकों द्वारा बलौदा में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई और लोगों को मतदान के प्रति जागरुक करने का प्रयास किया गया. महाविद्यालय में नवीन मतदाता छात्र छात्राओं का गुलाल लगाकर स्वागत कर उन्हें मतदान के लिए प्रेरित किया गया, महाविद्यालय में रंगोली, चित्रकला एवं स्लोगन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया और प्रथम, द्वितीय आने वाले छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया गया. कार्यक्रम का नेतृत्व रासेयो कार्यक्रम अधिकारी कमला बाई दीवान ने किया. कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रभारी अनिता पटेल, किरण कुमारी, रश्मि, प्रेरणा प्रधान, माधुरी, नीतू राहुल एवं योगेश साहू, भोजराज, सुनिल ,नोबल, तोषराम आदि कर्मचारी व स्वयंसेवक शामिल रहे.

जरिए रोजगार मिल सकेगा.

25/09/2021




# बलौदा कॉलेज में मनाया गया रासेयो स्थापना दिवस

सरायपाली. डॉ. भीमराव अंबेडकर शास. महा. बलौदा में आज 24 सितम्बर को राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस मनाया गया. स्थापना दिवस कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रतीक पुरुष स्वामी विवेकानन्द के जीवन चरित्र को बताते हुए युवा वर्ग को देश के उन्नति व विकास के लिए आगे आने के लिए प्रेरित किया गया .साथ ही महाविद्यालय में देशी खेल का आयोजन हुआ उक्त कार्यक्रम का नेतृत्व रासेयो कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती कमला दीवान द्वारा किया गया कार्यक्रम में श्रीमती अनिता पटेल , योगेश, भोजराज सोनी नीतिश, ईशांत, गुलशन, खीरसागर ,मनिका,पुष्पा, सुनीता आदि शामिल रहे.

19/12/2020




# मद्य निषेध दिवस का आयोजन

नवभारत संवाददाता | सरायपाली.
www.navbharat.org

डा. भीमराव अंबेडकर शासकीय महाविद्यालय बलौदा में आज 18 दिसम्बर को गुरुघासीदास जयंती व मद्य निषेध दिवस मनाया गया. रासेयो के कार्यक्रम अधिकारी कमला दीवान के नेतृत्व में स्वयंसेवकों द्वारा बलौदा में नशा मुक्ति जागरुकता रैली निकाली गई. ग्रामीणों को स्वयं सेवकों ने नशा सेवन के दुष्परिणाम बताए और उन्हें नशा से दूर रहने हेतु संकल्पित कराये. मोहनलाल दीवान (सहायक शिक्षक) ने नशा मुक्ति के संबंध में बताते हुए गुरुघासीदास के जीवन पर प्रकाश डाला. कार्यक्रम में मुकेश नाग, खिरोद नायक, अनुसया मांझी, नीतिश, ईशांत, दशमु, लक्ष्मीनारायण, योगेश साहू, सुनीता आदि उपस्थित थे.

14.01.2020




# युवा दिवस पर अनेक स्पर्धाओं का आयोजन

सरायपाली. डॉ. भीमराव अंबेडकर शासकीय महाविद्यालय बलौदा में आज 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस( स्वामी विवेकानंद जयंती ) बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया. कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी कमला दीवान के द्वारा भाषण , पोस्टर , रंगोली , मेहंदी का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें प्रथम, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया. कार्यक्रम अधिकारी द्वारा रासेयो के प्रतीक पुरुष स्वामी विवेकानंद के जीवन से संबंधित प्रेरक वक्तव्यों से प्रेरित किया गया. कार्यक्रम में नेहरू युवा केन्द्र की कार्यकर्ता गायत्री साहू, तुलसी प्रसाद यादव, सूर्यकांति आदि भी उपस्थित रहे.

# राष्ट्रीय शिविर के लिए तीन स्वयं सेविकाएं चयनित

19-01-2020

◆ नवभारत कार्यालय द्वारा | महासमुंद.
www.navbharat.org

रासेयो जिला महासमुंद के तीन स्वयं सेविकाओं का चयन राष्ट्रीय एकता शिविर के लिए हुआ है.







जिला संगठक रासेयो की मालती तिवारी ने विज्ञप्ति में बताया कि उक्त शिविर गुजरात प्रांत के बड़ोदरा स्थित महाराजा सयाजीराव विश्व विद्यालय में 20 जनवरी से 26 जनवरी तक आयोजित होना है. वैसे छग से 30 स्वयं सेवक सम्मिलित होंगे. जिसमें महासमुंद जिले के तीन स्वयं सेविकायें भी हैं. जिन्हें शिविर अवधि में एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम सम्मिलित किए जाएंगे. महासमुंद जिले के स्वयंसेविका कु. वंदना केशरवानी पिता कन्हैया लाल केशरवानी शा. माता कर्मा कन्य महाविद्यालय, कु. प्रियंका चौधरी पिता बंसत कुमार चौधरी शा. राजा वीरेंद्र बहादुर महाविद्यालय सरायपाली एवं कु. अनुसुया माझी पिता वृंदावन माझी शा. भीमराव अम्बेडकर महाविद्यालय बलौदा की स्वयंसेविका महासमुंद जिला का प्रतिनिधित्व करेंगी. वे कल 19 जनवरी को गुजरात के लिये रवाना होंगी. स्वयंसेविका का चयन होने पर डॉ. समरेंद्र सिंह राज्य एनएसएस अधिकारी डॉ. नीता बाजपेई, डॉ. ए करीम, डॉ. एएल पटेल प्राचार्य सरायपाली, डॉ. मालती तिवारी, डॉ. रमेश कुमार देवांगन, प्रभारी प्राचार्य माता कर्मा कन्या महाविद्यालय, डॉ. उमेंद्र कुमार बरिहा, सरस्वती वर्मा, डॉ. एसबी कुमार, डॉ. सेतलाना माता कर्मा कन्या महाविद्यालय, श्रीमती कमला दीवान शा. भीमराव अंबेडकर महाविद्यालय बलोदा, सरायपाली श्रीमती अनीता पटेल व स्टॉफ ने हर्ष व्यक्त किया है.

## विद्यार्थियों को दी गई फिट इंडिया की जानकारी




सरायपाली. डॉ. भीमराव अंबेडकर शासकीय महाविद्यालय बलौदा में कल 18 जनवरी को फिट इंडिया मुवमें के तहत सायकल रैली का आयोजन किया गया. साथ ही विद्यार्थियों को फिट इंडिया के बारे में बताया गयाऔ स्वस्थ रहने के लिए प्रेरित किया गया. कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रभारी शब्या पटेल, कमला दीवान( रासेयो कार्यक्रम अधिकारी ), किरण कुमारी, हितेश भोई, वीरेंद्र वर्मा ,रितेश देव ,ऋतुराज, माधुरी प्रधान , भोज कुमार नायक आदि प्राध्यापकगण उपस्थित रहे.

23/12/2021



# कुसमीसरार में रासेयो शिविर




**नवभारत संवाददाता | सरायपाली.**
www.navbharat.news

ग्राम कुसमीसरार में डॉ भीमराव अम्बेडकर शासकीय महाविद्यालय बलौदा के रासेयो स्वयंसेवकों के द्वारा सात दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया था, जिसका कल समापन हुआ. शिविर में प्रत्येक दिवस अलग-अलग विषय पर शिक्षकों द्वारा स्वयं सेवकों को जानकारी दी गई. परियोजना कार्य में स्वयं सेवकों ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण, गांव के गली, मोहल्ले, मंदिर परिसर, तालाब पचरी, गोठान आदि स्थानों पर साफ सफाई किए. शिविर में प्रत्येक दिवस अलग-अलग कार्यक्रम सम्पन्न कराया गया. शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुसमीसरार में आयोजित महाविद्यालय के रासेयो सामान्य इकाई का सात दिवसीय शिविर डॉ मालती तिवारी जिला संगठक महासमुंद एवं डॉ अमृतलाल पटेल प्राचार्य बलौदा के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ. शिविर का समापन महेन्द्र बाघ विधायक प्रतिनिधि के द्वारा ध्वजारोहण से हुआ. समापन कार्यक्रम की अध्यक्षता नोविनो जगत बलौदा महाविद्यालय के अध्यक्ष एवं जिला पंचायत सभापति ने किया. समापन अवसर पर मुख्य रूप से अमृत पटेल स्काउट गाईड संघ अध्यक्ष, पारेश्वर राय विधायक प्रतिनिधि, तिरिथकुमारी ग्रामीण महिला अध्यक्ष कांग्रेस, सुमित्रा गोशाल महिला कांग्रेस उपाध्यक्ष, गीता चौहान, मीना नेताम, दयानिधि ताण्डी, अनिता पटेल, कामता पटेल प्राचार्य, अजय राजा एवं विद्यालय के स्टॉफ, शिक्षकगण उपस्थित थे. पूरे शिविर का संचालन कार्यक्रम अधिकारी कमला बाई दीवान ने किया.